परदे में रहने दो | By Mukesh Goel

परदे में रहने दो पर्दा ना हटाओ
परदे में रहने दो पर्दा ना उठाओ
आज ग़ज़ब कर डाला कोई नज़र लगाएगा
परदे में रहने दो ....

इसके नाम है एक खराबी नज़रें बहुत मिलाता है
धीरे धीरे मुस्काता और आँखों को मटकाता है
ले गया कोई बेहला कर फिर हाथ ना आएगा
परदे में रहने दो ....

ऊपर वाले ने बाबा को सुन्दर बहुत बनाया है
ऊपर से इसके भक्तों ने वाह वाह खूब सजाया है
सांवरिया को बनडा बनाना महंगा पड़ जायेगा
परदे में रहने दो ....

वृन्दावन में जाकर देखो कैसे पर्दा करते हैं
एक झलक पाने की खातिर कैसे भक्त उछालते हैं
साथ किसी के चला गया तो फिर पछतायेगा
परदे में रहने दो ....

बनवारी भक्तों से प्यारी प्यारी बातें करता है
है ये बिलकुल भोला भाला चालाकी ना समझता है
बैठा बैठा भक्तों से ये नैन लड़ायेगाv
परदे में रहने दो ....
Jai Shankar Jai Shankar

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-by-mukesh-goel/